**03/08/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गोंडा में हुए एक सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने इस हादसे में अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के गोंडा में आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

**0000000000000000000**

कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण ने कांडला बंदरगाह क्षेत्र में भारत का पहला मेक-इन-इंडिया ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट चालू कर दिया है। बंदरगाह प्राधिकरण ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट-ज़ीरो विज़न की दिशा में एक सशक्त कदम है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और नेट-ज़ीरो विज़न को सशक्त बनाता है।

**0000000000000000000**

चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और मतदाता सूची तैयार करने और पुनर्निक्षण कार्य में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया है।

एक बयान में, चुनाव आयोग ने बताया कि संशोधित ढांचे के अनुसार, बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हज़ार रुपये से दोगुना करके बारह हज़ार रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मतदाता सूची के पुनर्निक्षण कार्य के लिए बीएलओ का पारिश्रामिक एक हज़ार रुपये से बढ़ाकर दो हज़ार रुपये कर दिया गया है।

00000000000000000000

राजधानी ईटानगर स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित बेटल ऑफ माईंड्स 2.0 क्वीज प्रतियोगिता के ईटानगर जोनल फाईनल कंपीटिशन में कल शाम उपमुख्यमंत्री चाउना मैन शरीक हुए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री मैन ने इस पहल पर लोगों की साकारात्मक प्रक्रिया मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि इस पहल की शुरुआती दौर में सिर्फ तिरपन टीम थे जो कि अब बढ़कर तीन सौ तैतालीस स्कूली टीम हो गए है। यह बढ़त छात्रों के बीच बढ़ती बौद्धिक जिज्ञासा और प्रतियोगी भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामलों के मंत्री केनतो जीनी, खेल एवं युवा मामला मंत्री के सलाहकार चाउ जिंगनू नामचुम, खेल एवं युवा मामला सचिव आबू तायेंग, खेल विभाग के निदेशक तादार अप्पा और युवा मामला विभाग निदेशक रमेश लिंगी सहित अन्य लोग शामिल थे।

00000000000000000000

नई दिल्ली के ताकोतोरा स्टेडियम में कल खेले गए एम एफ एन 17 स्ट्रोवेट प्रतियोगिता में अरुणाचल के एम एम ए फाईटर सोनम जोम्बा ने रशियन फाईटर अन्ना साफ़ेवा को हराकर टाईटल अपने नाम की। इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए श्री खांडू ने सोनम के इस अभूतपूर्व जीत की प्रशंसा की।

अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू ने कहा कि सोनम जोम्बा की यह ऐतिहासिक जीत पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षःण है और सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने प्रदेश के पापुम पारे और लोहित जिलों को रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पाक्के केसांग, नामसाई और लोंगडिंग जिलों के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ स्थानों में विभाग वर्षा और बिजली चमकने की संभावना व्यक्त की है इसके अलावा अन्य जिलों के लिए येल्लो अलर्ट जारी किया गया है।

0000000000000000000

स्वतंत्रता दिवस के 'एट होम' रिसेप्शन पर आगामी पंद्रह अगस्त को राष्ट्रपति भवन में दीपक नाबाम लिविंग होम के संस्थापक दीपक नाबाम को खास अतिथि के रुप में आमंत्रित किया है। आमंत्रण पत्र को स्वीकार करते हुए, दीपक नाबाम ने राष्ट्रपति को उनके कोशिश को मान्यता देने के लिए धन्यावाद दिया।

0000000000000000000

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत तवांग बागवानी विभाग ने लुंगला सब डीविजन के पामाखार सर्कल के अंतर्गत पड़ने वाले तीन गाँवों में बागवानी इनपुट वितरण प्रणाली कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम में तवांग अतिरिक्त उपायुक्त तेनज़िन जाम्बे सहित जिला बागवानी अधिकारी, सब-डिविजनल बागवानी अधिकारी और संबंध विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में चिन्हित गाँवों के चौबीस लाभार्थियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

अखिल अरुणाचल प्रदेश छात्र संघ आपसू ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत शिक्षकों की पोस्टिंग और ट्रांस्फर पोस्टिंग प्रक्रिया में पब्लिक, राजनितिक नेताओं और ब्यूरोक्रेट को दखल न करने की अपील की। अरुणाचल प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, आपसू जनरल सेकेट्री रितुम ताली ने कहा कि PGTs, TGTs, PRTs और PET शिक्षकों का ट्रांसस्फर छात्रो के शिक्षा के हित के मद्देनजर किया जा रहा है इसलिए इसे व्यक्तिगत और पोलटिकल मेनिपुलेशन से दूर रखा जाना चाहिए। वही आपसू ने शिक्षा मंत्री पी डी सोना को सरकारी स्कूलों के एकीकरण और पुनर्गठन के पहल की सराहना करते हुए आशा जताई है कि आने वाले वर्षों में स्कूलों में सुधार साफ दिखाई देगा।

00000000000000000000